Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to lay new railway lines on Urai-Rath-Chakhari-Mahoba and Hamirpur Road –Vivar-Rath-Harpalpur sections.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में देश की आजादी के बाद से रेलवे द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य आज तक नहीं किया गया, जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार सरकार से नयी रेल लाइन बिछाने की मांग समय समय पर की जाती रही है। इसी क्रम में मेरी भी माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र मांग है कि अगले रेल बजट में उरइ से राठ-चरखारी होते हुए महोबा तक तथा हमीरपुर रोड से हमीरपुर मुख्यालय एवं विवार-राठ होते हुए हरपालपुर, मध्य प्रदेश तक नयी रेल लाइन बिछाने की घोाणा करें, जिससे बुंदेलखंड के अति पिछड़े क्षेत्र के लोगों, पर्यटकों एवं व्यापारियों को रेल सुविधा का लाभ मिल सके। मैं आपको यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के हमीरपुर मुख्यालय एवं अन्य तहसीलें सरीला, राठ, चरखारी आज भी रेल सुविधा से पूरी तरह से वंचित है जबकि माननीय रेल मंत्री जी के प्रयासों से रेल के राजस्व में वृद्धि हुयी है। माननीय मंत्री जी ने सदन में अपने भााण में स्वयं कहा है कि धन लगाने के लिए सोचना पड़ रहा है। उपरोक्त रेलवे लाइनों का सर्वेक्षण कई बार हो चुका है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि लोगों की आवश्यकता एवं क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने एवं आवागमन के साधन उपलब्ध कराने हेतु उपरोक्त जगहों में रेलवे लाइन बिछाने हेतु धन उपलब्ध कराकर कार्य पूर्ण कराने का कट करें।